खलारी :50 मिनट तक बंद रहता है रेलवे फाटक स्कूली बच्चों से लेकर मरीज तक परेशान

खलारी : मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन गई है। ट्रेन के गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद कर दिया जाता है, लेकिन कई बार फाटक 40 से 50 मिनट तक बंद रहता है। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

रेलवे फाटक बंद रहने का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों पर पड़ रहा है। सुबह स्कूल जाने के समय फाटक बंद हो जाने से कई बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते। वहीं, जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को भी फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार एक मालगाड़ी गुजरने के बाद फाटक खुलने की उम्मीद रहती है, लेकिन लगातार तीन-चार मालगाड़ियों के गुजरने के बाद ही रास्ता खुलता है।

इमरजेंसी में भी नहीं खुलता फाटक : फाटक बंद रहने के दौरान यदि कोई गंभीर मरीज वाहन या एंबुलेंस में फंस जाए तो स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। इमरजेंसी होने के बावजूद फाटक खुलने तक मरीजों और उनके परिजनों को मजबूरन इंतजार करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि रेलवे के नियमों के तहत ट्रेन के सुरक्षित



आवागमन के लिए फाटक बंद होना जरूरी है, लेकिन लंबे समय तक फाटक बंद रहने की समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए।

2023 में हुआ था ओवरब्रिज का शिलान्यास, अब तक काम नहीं : इस समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए वर्ष 2023 में रांची सांसद संजय सेठ की पहल पर प्रस्तावित ओवरब्रिज का शिलान्यास किया गया था। शिलान्यास के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि अब रेलवे क्रॉसिंग की समस्या समाप्त होगी, लेकिन करीब तीन वर्ष बीतने के बाद भी ओवरब्रिज निर्माण का काम धरातल पर शुरू नहीं हो सका है। ओवरब्रिज का शिलान्यास अब लोगों के लिए सिर्फ शिलापट्ट तक सीमित होकर रह गया है। दूसरी ओर, प्रतिदिन इसी रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों को ट्रेन आने पर फाटक बंद होने और लंबे इंतजार की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लोगों की मांग, शिलान्यास नहीं, अब निर्माण शुरू हो :

मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ मुख्य मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सड़क है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों और व्यवसायियों का आवागमन होता है। ऐसे में रेलवे क्रॉसिंग पर लंबे समय तक फाटक बंद रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि वर्षों से रेलवे फाटक की समस्या झेल रहे क्षेत्रवासियों को अब आश्वासन नहीं, बल्कि ओवरब्रिज का निर्माण चाहिए, ताकि स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिल्वे में 29 प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए

नामकुम : झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे में टाइम्सप्रो के सहयोग से संचालित मल्टीस्किल फाउंडेशन कोर्स एवं मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कोर्स के सफल समापन पर प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 29 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि रामाकांत चतुर्वेदी (महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र,) ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार (स्टेट को-ऑर्डिनेटर, गवर्नमेंट स्किलिंग प्रोजेक्ट, झारखंड, टाइम्सप्रो) तथा भवानी सिंह (प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, रांची) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रामाकांत चतुर्वेदी ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर खोलने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को अपने करियर में उपयोग करने तथा निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। मनोज कुमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को कुशल, सक्षम एवं रोजगार योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कौशल के निरंतर विकास से युवा बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

डॉ. प्रदीप वर्मा को राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर प्रभुदयाल बड़ाईक ने दी बधाई

नामकुम। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर डॉ. प्रदीप वर्मा को बधाई देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक ने उनके आवास पहुंचकर बुके, अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि डॉ. प्रदीप वर्मा को पार्टी में राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना रांची सहित पूरे झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्मा का संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय उन्हें एक मजबूत संगठनकर्ता बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. प्रदीप वर्मा अपने अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता से पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मौके पर अन्य कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

डिजिटल पंचायत की दिशा में पहल, इटकी में मुखिया, पंचायत सचिव व वीएलई का क्लस्टरवार प्रशिक्षण

संवाददाता

इटकी इटकी पंचायत गेटवे इनिशिएटिव के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर इटकी स्थित सभागार में क्लस्टरवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इटकी, रातू, लापुंग एवं नगड़ी प्रखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव एवं वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएसपी के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित चौबे ने पंचायत गेटवे इनिशिएटिव की कार्यप्रणाली एवं इसके उद्देश्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के प्रभावी संचालन, ऑनलाइन माध्यम से ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा पंचायत



प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों एवं वीएलई के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ अधिक आसानी और सुगमता से मिल सकेगा। पंचायत गेटवे इनिशिएटिव के माध्यम से डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में वीएलई, पंचायत सचिव एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में इटकी प्रखंड से मुखिया रमेश महली, राजन किसपोटा, विनय उरांव, लखन उरांव एवं रीता देवी सहित रातू प्रखंड से फूलमनी कच्छप, प्रभा तिर्की, स्मृति तिर्की एवं नीलम तिर्की समेत विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा इटकी, रातू, लापुंग एवं नगड़ी प्रखंड के पंचायत सचिव एवं सभी संबंधित वीएलई भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंचायत गेटवे इनिशिएटिव के उद्देश्य, संचालन प्रक्रिया एवं डिजिटल सेवाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान एवं सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में पंचायत गेटवे इनिशिएटिव को सफल बनाने के लिए सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं वीएलई से आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

फॉर्म-6 व फॉर्म-8 भरने के लिए 22 व 23 को मतदान केंद्रों पर लगेगा विशेष शिविर

रांची : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा परिवार के सदस्यों के नाम एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने के लिए रांची जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 22 एवं 23 अगस्त 2026 को द्वितीय एवं अंतिम विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक प्रपत्र भरें और मतदाता सूची में अपने नाम से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कराएं। मतदाता फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 ऑनलाइन भी भर सकते हैं। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस द्वितीय एवं अंतिम शिविर का लाभ उठाते हुए निर्धारित अवधि में मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया अवश्य पूरी करें।

बिहार की स्वास्थ्य टीम ने देखा रांची सदर अस्पताल का कामकाज

रांची : बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम ने गुरुवार को रांची सदर अस्पताल का दौरा किया। टीम ने यहां आयुष्मान योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। टीम में एनएचएम बिहार के अपर कार्यपालक निदेशक स्पर्श गुप्ता, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कंचन कुमारी और क्षेत्रीय लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह शामिल थे। सदर अस्पताल पहुंचने पर टीम ने सिविल सर्जन डॉ अमरेंद्र प्रसाद, अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह समेत अन्य डॉक्टरों और कर्मचारियों से बातचीत की। इसके बाद टीम ने अस्पताल के अलग-अलग हिस्सों का निरीक्षण किया। बिहार की टीम ने सदर अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को देखा।

मैकलुस्कीगंज में वायरल बीमारियों के मरीज बढ़े

खलारी-मैकलुस्कीगंज में मौसमी बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

भारी बारिश के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ी मरीजों की संख्या, सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित पहुंच रहे लोग

खलारी : पिछले सप्ताह क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद खलारी एवं मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। गुरुवार को मैकलुस्कीगंज उप स्वास्थ्य केंद्र में वायरल एवं मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द सहित अन्य मौसमी समस्याओं की



शिकायत लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सक इशानी सिंह ने बताया कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और बारिश के बाद वायरल एवं मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ी है। अधिकांश मरीजों में सर्दी, खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। मरीजों की जांच के बाद आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं तथा उन्हें पर्याप्त आराम और सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। चिकित्सक ने लोगों से बारिश के दौरान और उसके बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, दूषित पानी एवं खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने तथा बुखार या अन्य लक्षण बने रहने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है।

एचईसी के तीनों प्लांट का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

वरीय संवाददाता

रांची : भारी वित्तीय संकट से जूझ रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के पुनरुद्धार सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा को लेकर केंद्र सरकार कदम बढ़ाया है। छह सदस्यीय संसदीय समिति की टीम ने गुरुवार को एचईसी के तीनों प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संसदीय समिति की टीम ने कंपनी की उत्पादन क्षमता, मशीनरी, कार्यप्रणाली और मौजूदा स्थिति का जायजा लिया गया। टीम के सदस्यों ने एचईसी के अधिकारियों से भी बात की और उनका पक्ष जाना। एचईसी के भविष्य को लेकर केंद्रीय टीम का यह निरीक्षण अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि टीम के निरीक्षण के बाद सरकार के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। इस बैठक में एचईसी की वर्तमान स्थिति और कंपनी को आर्थिक संकट से बाहर निकालने के उपायों सहित कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। साथ ही एचईसी में उत्पादन को दोबारा गति देने, लंबित ऑर्डर पूरे करने और कंपनी को आवश्यक कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर भी विचार किए जाने की संभावना है। दूसरी ओर केंद्रीय टीम के निरीक्षण के बाद एचईसी के श्रमिक संगठनों को उम्मीद है कि अब एचईसी के पुनरुद्धार को लेकर ठोस पहल सामने आएगी। एचईसी के पुनरुद्धार के लिए करीब 500 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गयी है। श्रमिक संगठनों का कहना है कि बैंक गारंटी मिलने से एचईसी को कच्चा माल खरीदने, उत्पादन चक्र शुरू करने और बड़े ऑर्डर समय पर पूरा करने में मदद मिल सकती है। लंबे समय से आर्थिक संकट के कारण कंपनी की कार्यशील पूंजी प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ा है।

राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के स्वप्नद्रष्टा सूचना क्रांति के शिल्पकार : केशव महतो

रांची : कांग्रेस ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर धुर्वा स्थित राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान में उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। सबसे कम उम्र में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल में सूचना क्रांति, युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी, मताधिकार की उम्र सीमा घटाने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए।

कलीम अंसारी के निधन पर अखबार विक्रेता संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने परिवार को दिया आर्थिक सहयोग

रांची : वरिष्ठ अखबार विक्रेता साथी भाई कलीम अंसारी का मंगलवार को निधन हो गया था। इसी बीच अखबार विक्रेता संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ और सिटी समाचार पत्र विक्रेता संघ रांची के साथियों ने भाई कलीम के आवास जाकर उन्हें अत्यंत दुःख के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया और परिवार के लोगों को दुख की घड़ी में सहयोग करने के साथ अपना छोटा सा आर्थिक सहयोग रुपया 5500/ पांच हजार पांच सौ उनके पुत्र नूर अंसारी और इस्माइल अंसारी के हाथों में दिया। संघ द्वारा मेन रोड



सेन्टर समेत सभी सेन्टर से प्रति वितरक 100/ रुपया सहयोग राशि वसूली करके कलीम भाई के परिवार को सहयोग किया जाएगा।संघ और सभी वितरक साथियों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है।

HDFC BANK

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा: 4, मैंगो लेन, 5वीं मंजिल, सुरेंद्र मोहन घोष सरणी, कोलकाता- 700001.

दूरभाष: (033)6608-6234 सीआईएन L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट: www.hdfcbank.com

कब्ज़ा सूचना

(अचल संपत्ति के लिए)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने (जो पहले एचडीएफसी लिमिटेड थी और अब एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिल गई है; यह विलय माननीय NCLT-मुंबई द्वारा 17 मार्च 2023 के आदेश से मंज़ूर की गई विलय योजना के तहत हुआ है) **(एचडीएफसी)**, 'सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' ("उक्त अधिनियम") के तहत और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले सेक्शन 13 (12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, उक्त अधिनियम के सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए। इन नोटिसों में नीचे दिए गए उधारकर्ता/उधारकर्ताओं / कानूनी वारिसों और कानूनी प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे अपने-अपने नाम के सामने बताई गई रकम का भुगतान करें। साथ ही, उक्त नोटिसों में बताई गई लागू दरों पर उस पर ब्याज, और भुगतान/वसूली की तारीख तक होने वाले अन्य खर्च, लागत, शुल्क आदि का भी भुगतान करें। यह भुगतान उक्त नोटिस/नोटिसों की तारीख से 60 दिनों के भीतर किया जाना है।

क्र. सं.	ऋणकर्ता/वकील/ वकील का नाम	बकाया राशि	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि	अचल संपत्ति/संपत्तियों या सुरक्षित परिसंपत्ति/परिसंपत्तियों का विवरण
1.	**उधारकर्ता:** श्री मन्नू कुमार पासवान **सह-उधारकर्ता:** श्रीमती लक्ष्मी देवी श्री राम धनेश्वर	रु. 23,44,129/- 31.12.2025 तक	27.02.2026	18.08.2026 (प्रतीकात्मक अधिकार)	वह पूरा रिहायशी बंगला जिसका क्षेत्रफल लगभग 115.20 वर्ग मीटर है, जो लगभग 4 डेसिमल (161.86 वर्ग मीटर) ज़मीन पर बना है। यह प्रॉपर्टी प्लॉट 1278, हाउस 1278, खत्ता 104, खेवट 01, हल्का नंबर-01 गोलार, तौजी 28, वार्ड नंबर 3, थाना-रामगढ़, सब-रजिस्ट्री-गोला रजिस्ट्री, हज़ारीबाग, झारखंड 829122 पर स्थित है। इसमें कार पार्किंग की जगह (यदि कोई हो) और ज़मीन व उस पर बने निर्माण में अविभाजित आनुपातिक हिस्सा (मौजूदा और भविष्य का) भी शामिल है। (इसे 'उक्त प्रॉपर्टी' कहा जाएगा)। इस प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: - उत्तर में: छावनी (कैंटोनमेंट) की सड़क, दक्षिण में: लखन राम और दुखन राम की ज़मीन, पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: महेंद्र राम की ज़मीन।

*साथ ही लागू होने वाला अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक हुए अन्य खर्च, लागत, शुल्क आदि।

हालांकि, चूंकि ऊपर बताए गए उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए उन्हें और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि **एचडीएफसी** के अधिकृत अधिकारी ने ऊपर बताई गई अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया है। यह कार्रवाई उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ऊपर बताई गई तारीखों पर की गई है।

ऊपर बताए गए उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के संबंध में कोई लेन-देन न करें। ऐसी संपत्ति के संबंध में किया गया कोई भी लेन-देन **एचडीएफसी** के बंधक (मॉर्गेज) के अधीन होगा।

उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्ति को छुड़ाने (रिडीम करने) के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है।

तैयार किए गए पंचनामा और इन्वेंट्री की प्रतियां हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं। संबंधित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि से अनुरोध है कि वे किसी भी कामकाजी दिन सामान्य कार्यालय समय के दौरान हस्ताक्षरकर्ता से अपनी प्रति प्राप्त कर लें।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/- सुदीप्तो कुमार दास,
अधिकृत अधिकारी

स्थान: रांची
तारीख: 21.08.2026

रजि. कार्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013

Affidavit

I, Ram Prasad Shaw S/o Late Mushari Shaw, R/o Road No. 3, Near Carmel School, Vidya Nagar, Harmu, Ranchi, Jharkhand - 834002. Do hereby solemnly affirm and declare through affidavit no- 6083 dated 10/08/26 that my actual and correct name is Ram Prasad Shaw mentioned in my Aadhar No. 6233 0630 9263. Santosh Kumar Gupta and Anup Kumar Gupta are my sons, and in their educational certificates my name has been inserted as Ram Prasad Gupta. Ram Prasad Shaw and Ram Prasad Gupta both names are same and a single person i.e. myself. The above statements are true.

IN THE COURT OF THE HON'BLE VIII JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT: HYDERABAD, Telangana O.S.No.2698 of 2022

Between:
Union Bank of India, [A Govt. of India undertaking] [formerly] Andhra Bank Credit card Division rep. by its, Senior Manager Koti, Sultan Bazar, Hyderabad. ...Plaintiff.
And
RATNESH KUMAR SINGH ...Defendant
To
Mr. Ratnesh Kumar Singh, S/o: Mr. Radha Raman Prasad Singh, Bindware Katgar Tola, Mungar, Kasim Bazaar, Bihar-811201

Whereas the above named Plaintiff has filed the above suit O.S.No.2698 of 2022 on the file of Hon'ble VIII Junior Civil Judge, City Civil Court, Hyderabad against you for recovery of due amount of Rs.2,03,601.58 pertaining to your credit card no. 4373-7820-9140-8017. You are therefore directed to appear in person or through Advocate on **11-09-2026** at 10.30a.m. to answer the suit, failing which the suit will be decided exparte. Take notice accordingly.

[AS PER THE COURT ORDER]
M.V.Nagaraj, V.V.S.Annaram
Counsel for Plaintiffs.H.No. 1-1-336/18,Chikkadapalli, Hyderabad.**Cell:98496-66587**

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बोकारो, बोकारो स्टील सिटी, 0139360700004953, 4963, 5641, 5657, 5660, 5662, 5668, 5670, 5677, 5678, 5679, 5684, 5694, 5706, 5709, 5726, 5727, 5728, 0139360730014329, 4334, 4353, 4356, 4357, 4360, 4361, 4384, 4385, 4387, 4389, 4391, 4392, 4393, 4405, 4406, 4408, 4430, 4434, 4437, 4439, 4443, 4459, 4461, 4465, 4466, 4469, 4471, 4477, 4491, 4502, 4504, 4508, 4509, 4510, 4526, 4539, 4542, 4543, 0133, 0135, 0136, चास–बोकारो 0138460700008747, 8856, 0169, 0177, 0181, 0184, 0191, 0192, 0193, 0196, 0206, 0209, 0214, 0220, 0222, 0225, 0227, 0230, 0231, 0233, 0240, 0241, 0243, 0245, 0246, 0247, 0249, 0251, 0257, 0264, 0268, 0276, 0282, 0288, 0289, 0293, 0296, 0301, 0306, 0307, 0314, 0317, 0138460730020735, 0859, 0871, 0879, 0902, 0906, 0909, 0917, 0918, 0919, 0928, 0929, 0930, 0933, 0934, 0936, 0937, 0939, 0961, 0962, 0965, 0969, 0970, 0983, 0985, 0990, 0993, 1010, 1012, 1015, 1019, 1021, 1022, 1025, 1030, 1033, 1037, 1038, 1039, 1040, 1041, 1043, 1045, 1046, 1055, 1056, 1062, 1065, 1067, 1068, 1069, 1070, 1074, 1075, 1076, 1078, 1081, 1088, 1089, 1090, 1094, 1097, 1102, 1109, 1110, 1113, 1118, 1119, 1127, 1128, 1129, 1130, 1133, 1134, 1141, 1142, 1143, 1149, 1172, 1176, 1186, 1187, 1189, 1199, 1209, 1211, 1214, 1215, 1217, 1228, 1229, 1238, 1239, 0281, चास–बोकारो स्टील सिटी, 0135740700026081, 0231, 0242, 0266, 0287, 0361, 0364, 0367, 0372, 2020, 2030, 2037, 2041, 2045, 2053, 2059, 2073, 2077, 2086, 2089, 2092, 2094, 2095, 2104, 2106, 2111, 2114, 2115, 2120, 2126, 2127, 2133, 2141, 2146, 2151, 2167, 2168, 2171, 2173, 2176, 2179, 2180, 2194, 2195, 2202, 2209, 2223, 0135740730051275, 1674, 1684, 4200, 4234, 4240, 4244, 4250, 4253, 4264, 4270, 4294, 4303, 4304, 4323, 4331, 4335, 4339, 4354, 4364, 4374, 4379, 4385, 4386, 4387, 4388, 4389, 4390, 4392, 4393, 4394, 4395, 4396, 4402, 4406, 4410, 4411, 4413, 4416, 4417, 4418, 4419, 4424, 4430, 4441, 4470, 4487, 4497, 4508, 4513, 4515, 4517, 4518, 4520, 4533, 4534, 4538, 4548, 4552, 4561, 4563, 4567, 4569, 4570, 4575, 4580, 4581, 4582, 4586, 4591, 4592, 4593, 4594, 4595, 4596, 4597, 4598, 4602, 4604, 4605, 4606, 4608, 4609, 4610, 4617, 4621, 4626, 4628, 4635, 4637, 4638, 4641, 4643, 4644, 4646, 4647, 4648, 4653, 4654, 4670, 4671, 4679, 4680, 4687, 4692, 4696, 4703, 4704, 4720, 4722, 4735, 4749, 4766, 4768, 4769, 4775, 4776, 4781, 4791, 4798, 4807, 4811, 4820, 4821, 4830, 4831, 4832, 4840, 4857, 4860, 4861, 4864, 4867, 4878, 4881, 4882, 4883, 4885, 4895, 4896, 4911, 4912, 0243, फुसरो, 0139350700007341, 7350, 7403, 7406, 7412, 7421, 7426, 7444, 8436, 8440, 8447, 8452, 8454, 8463, 8485, 8495, 8505, 8512, 8513, 8515, 8516, 8517, 8528, 8536, 8540, 8550, 8551, 8552, 8554, 0139350730012868, 3526, 3627, 0398, 0405, 0438, 0440, 0441, 0451, 0453, 0464, 0469, 0472, 0475, 0476, 0477, 0479, 0480, 0491, 0494, 0505, 0508, 0509, 0513, 0522, 0523, 0524, 0525, 0527, 0531, 0532, 0535, 0537, 0544, 0557, 0572, 0573, 0575, 0576, 0579, 0592, 0597, 0603, 0604, 0605, 0607, 0609, 0612, 0614, 0615, 0617, 0619, 0623, 0633, 0635, 0654, 0657, 0675, 0677, 0680, 0687, 0689, 0695, 0696, 0698, 0703, 0712, 0720, 0749, 0161, 0163, धनबाद, धनसर मोरे शाखा झारखंड, 0136110700015496, 5710, 5734, 5739, 5750, 5756, 5757, 5766, 5803, 5813, 5817, 5827, 5832, 5865, 5870, 5873, 7313, 7320, 7358, 7364, 7365, 7366, 7372, 7374, 7375, 7380, 7383, 7388, 7405, 7419, 7428, 7430, 7433, 7437, 7447, 7449, 7453, 7459, 7472, 7483, 7487, 7488, 7495, 7507, 7514, 7516, 7520, 0136110730036266, 6737, 6740, 6766, 6792, 6911, 6914, 6970, 6799, 6801, 6809, 6827, 6829, 6838, 6874, 6878, 6894, 6895, 6899, 6902, 6903, 6904, 6905, 6906, 6907, 6908, 6909, 6914, 6915, 6916, 6917, 6918, 6921, 6922, 6926, 6928, 6929, 6942, 6945, 6946, 6971, 6979, 6980, 6991, 6994, 7004, 7007, 7024, 7040, 7045, 7055, 7056, 7057, 7059, 7066, 7067, 7071, 7078, 7080, 7081, 7082, 7086, 7088, 7089, 7090, 7091, 7092, 7093, 7095, 7100, 7110, 7117, 7118, 7121, 7126, 7127, 7131, 7132, 7133, 7134, 7136, 7150, 7154, 7158, 7168, 7169, 7171, 7173, 7175, 7184, 7188, 7194, 7195, 7214, 7233, 7246, 7248, 7254, 7256, 7259, 7261, 7264, 7267, 7268, 7272, 7282, 0097, सरायढेला, 0136040700010934, 0941, 0955, 0966, 0991, 0996, 1002, 1003, 1941, 1948, 1961, 1976, 1987, 1991, 1994, 2003, 2008, 2023, 2027, 2032, 2038, 2042, 2045, 2046, 2047, 2048, 2050, 2058, 2062, 2063, 2068, 2072, 0136040730025108, 5118, 5125, 5162, 5207, 4739, 4785, 4800, 4803, 4812, 4844, 4845, 4846, 4847, 4851, 4868, 4872, 4876, 4879, 4901, 4902, 4905, 4907, 4910, 4916, 4917, 4926, 4934, 4939, 4943, 4945, 4957, 4958, 4959, 4960, 4961, 4963, 4964, 4965, 4966, 4967, 4968, 4970, 4972, 4974, 4975, 4976, 4981, 4982, 4983,